RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 09 जनवरी 2023 | वर्ष 05 | अंक 258 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# शिंदे को मिला अयोध्या का निमंत्रण

## बाला साहेब ठाकरे का सपना साकार, मंगलकारी क्षण देखने जाऊंगा अयोध्या: शिंदे

मुंबई : राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोकण प्रांत संपर्क प्रमुख अजय जोशी और विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त क्षेत्र संपर्क प्रमुख संजय धवलीकर ने सोमवार सुबह ठाणे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आवास पर जाकर उन्हें अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। शिंदे ने इस निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है और अयोध्या आने के लिए तैयार हो गए हैं।



मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि दिवंगत हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे का सपना था कि अयोध्या में श्री राम का भव्य मंदिर बने। दिवंगत धर्मवीर आनंद दिघे ने राम मंदिर निर्माण के लिए ठाणे से चांदी की ईंट भी अयोध्या भेजी थी। राम जन्मभूमि आंदोलन में कई शिवसैनिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। शिंदे ने कहा कि वे अयोध्या के इस अभूतपूर्व समारोह में जरूर शामिल होंगे, क्योंकि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि जब ये सारे सपने साकार हो रहे हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का लोकार्पण समारोह 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस समारोह में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के कई गणमान्य व्यक्तियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इसी भावना के तहत भाजपा की पुरानी सहयोगी और एनडीए में प्रमुख घटक दल शिवसेना को भी इस समारोह में आमंत्रित किया गया है। शिवसेना पार्टी की ओर से शिवसेना ने सभी शिवसैनिकों और पार्टी पदाधिकारियों से अपील की है कि वे 18 से 22 जनवरी के बीच राज्य में कई गतिविधियां आयोजित करके इस क्षण को उत्सव की तरह मनाएं क्योंकि अयोध्या में राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा समारोह आ रहा है।

# मुंबई में 60 वर्षीय महिला ने टॉवर की 9वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या!



पुलिस कर रही जांच

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने बताया कि, मंगला प्रवीण राठौड़ नाम की 60 वर्षीय महिला ने आज मुंबई के कांदिवली इलाके में स्थित एक टॉवर की 9वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली. समता नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक महिला अपने पति, तीन बच्चों और बहू के साथ रहती थी. एडीआर के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है.

### सेवरी में एक व्यक्ति ने की खुदकुशी

कल सेवरी से भी कुछ ऐसी ही खबर सामने आई थी. सेवरी में एक 26 वर्षीय व्यक्ति ने एक इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर दुखद रूप से अपनी जान ले ली. मृतक की पहचान अभिनव अनिल कुमार सपेरे (26) के रूप में हुई है, जो सेवरी के टीजी रोड पर दोस्ती फ्लेमिंगो के स्काई फ्लेमा ए विंग की 21वीं मंजिल पर अपने दो दोस्तों के साथ रहता था. रफी अहमद किदवई (आरएके) मार्ग पुलिस ने दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली है और सक्रिय रूप से मामले की जांच कर रही है.

### पुलिस ने दी ये जानकारी

आरएके मार्ग पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उन्हें शनिवार सुबह 6.30 बजे एक घटना की सूचना देते हुए एक फोन से जानकारी मिली. स्थान पर पहुंचने पर पता चला कि सपेरे ने कमरा नंबर 2101 की 21वीं मंजिल की खिड़की से छलांग लगा दी थी. उन्हें इलाज के लिए तुरंत परेल के केईएम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने सुबह 8.40 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया. बता दें, महाराष्ट्र में आत्महत्या के मामले भी बढे हैं. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या 2022 रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में 2022 में वैचारिक कारणों से आत्महत्या के 84 मामले दर्ज किए गए, जो देश में ऐसी आत्महत्याओं की लगभग आधी संख्या है.

# सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर लगा दी रोक... नहीं होगा पुणे लोकसभा उपचुनाव!



**पुणे :** सुप्रीम कोर्ट ने पुणे लोकसभा उपचुनाव जल्द से जल्द कराने के हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है. सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाते हुए कहा है कि आम चुनाव में अब बहुत कम समय बचा है, इसलिए उपचुनाव नहीं कराए जाएं.

### उपचुनाव को लेकर स्पष्टता की जायेगी

इस समय सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकताओं को चार हफ्ते की डेडलाइन दी है. साथ ही अगली सुनवाई सात हफ्ते में होगी. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि इस सुनवाई के दौरान उपचुनाव को लेकर कानून स्पष्ट किया जाएगा. लेकिन संभावना है कि सात सप्ताह में सुनवाई कर चुनाव की घोषणा कर दी जायेगी.

# शिवसेना विधायकों से जुड़ी अयोग्यता याचिकाओं पर 10 जनवरी को फैसला सुनाएंगे विस स्पीकर राहुल नार्वेकर

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कई अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अपना फैसला 10 जनवरी को सुनाएंगे। यह जानकारी विधान भवन के अधिकारियों ने सोमवार को दी। शिंदे के नेतृत्व में विधायकों की बगावत के चलते जून 2022 में शिवसेना विभाजित हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाने की समय-सीमा 31 दिसंबर, 2023 तय की थी, लेकिन उससे कुछ दिन पहले 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने अवधि को 10 दिन बढ़ाकर फैसला सुनाने के लिए 10 जनवरी की नयी तारीख तय की। जून 2022 में, शिंदे और कई अन्य विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिसके कारण शिवसेना में विभाजन हो गया और महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी। महा विकास आघाडी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस भी शामिल थी।



शिंदे और ठाकरे गुटों द्वारा दलबदल रोधी कानूनों के तहत एक दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की गईं। विधान भवन के अधिकारियों ने कहा, ''फैसला 10 जनवरी को शाम 4 बजे के बाद आने की उम्मीद है। विधानसभा अध्यक्ष का कार्यालय फैसले को अंतिम रूप दे रहा है। उन्होंने कहा, ''फैसले का महत्वपूर्ण हिस्सा उस दिन सुनाए जाने की संभावना है, जबकि विस्तृत आदेश बाद में दोनों समूहों को दिया जाएगा। दोनों गुटों के पदाधिकारियों ने कहा कि विधानसभाध्यक्ष के प्रतिकूल फैसले की स्थिति में वे उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे। जून 2022 में विद्रोह के बाद शिंदे भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से मुख्यमंत्री बने थे। पिछले साल जुलाई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अजित पवार गुट उनकी सरकार में शामिल हो गया था।



# ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 812 वें उर्स का झंडा बुलंद दरवाजे पर चढ़ा उर्स की हुई औपचारिक शुरूआत

**अजमेर :** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 812 वें उर्स का झंडा सोमवार शाम दरगाह के बुलंद दरवाजे पर चढ़ाया गया । भीलवाड़ा का गौरी परिवार यह रस्म अदा किए । उर्स विधिवत रूप से रजब का चांद दिखाई देने पर शुरू होगा।




## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### लाल सागर का संकट

लाल सागर में स्वेज नहर के जरिये वाणिज्यिक पोतों के आवागमन पर मंडरा रहे संकट समाप्त होने का कोई संकेत फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। यह भूमध्यसागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र को जोड़ने वाला एक अहम मार्ग है और गाजा पट्टी तथा उसके आसपास के इलाके में इजरायल-हमास जंग के कारण इसे लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। युद्ध के परिणामस्वरूप यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोही गठजोड़ ने यमन और जिबूती के बीच बाब-अल-मांदेब खाड़ी में नौवहन पर हमले शुरू कर दिए। विद्रोही गठबंधन आश्चर्यजनक रूप से हथियारों से अच्छी तरह लैस है। उसने पोतरोधी बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। इससे पहले किसी लड़ाई में इतनी बड़ी तादाद में इनका इस्तेमाल नहीं किया गया था। इनके साथ ही विद्रोहियों ने क्रूज मिसाइलों, ड्रोन और छोटी नौकाओं का उपयोग करके भी जहाजों पर हमला किया और उन्हें धमकाया। हूती विद्रोहियों का दावा है कि उन्होंने इजरायल की ओर जा रहे पोतों पर हमले किए लेकिन वास्तव में यह सच नहीं है। यह संभव ही नहीं है कि वे जान सकें कि कौन सा जहाज किस दिशा में जा रहा है। इन हमलों के परिणामस्वरूप कई प्रमुख पोत संचालकों ने स्वेज नहर और लाल सागर का मार्ग छोड़ देने का निर्णय लिया। इन पोत संचालक कंपनियों में मेर्स्क, हपाग-लॉयड और मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी तथा कुछ प्रमुख तेल कंपनियां शामिल हैं।

कुछ दिन पहले मेर्स्क ने इस बात की पुष्टि की थी कि उसके टैंकर निकट भविष्य में इस क्षेत्र से नहीं गुजरेंगे। ऐसी अपेक्षाएं थीं कि मेर्स्क तथा अन्य कंपनियां सामान्य सेवाएं बहाल कर देंगी क्योंकि अमेरिका ने घोषणा की थी कि एक नौसैनिक कार्य बल इस इलाके में जलपोतों की सुरक्षा करेगा। परंतु यह कार्य बल जमीन पर प्रभावी असर छोड़ने में नाकाम रहा और इसके चलते पोत संचालकों ने किफायत के बजाय सावधानी बरतने को अधिक तरजीह दी। ऐसे निर्णयों के परिणामस्वरूप भूमध्यसागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के बीच नौवहन में लगने वाला समय और व्यय बहुत अधिक बढ़ गया है। तमाम पोत अपनी यात्राओं को स्थगित कर रहे हैं और अगर उन्हें यात्रा करनी ही पड़ रही है तो वे दक्षिण अफ्रीका में आशा अंतरीप (केप ऑफ गुड होप) के रास्ते से आवागमन कर रहे हैं। भारत के औद्योगिक संगठनों के हालिया अनुमानों के मुताबिक यूरोप तक पोत भेजने की लागत 70 फीसदी से 200 फीसदी तक बढ़ गई है। विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में भारत के निर्यात की बात करें तो इसका असर उनके मार्जिन और उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता पर पड़ सकता है। भारत के पूर्वी तटों में से एक से निकला डीजल और जेट फ्यूल कार्गो पोत पहले ही विलंब से चल रहा है और उसकी दिशा बदल दी गई है। अन्य वैश्विक एकीकरण वाले क्षेत्रों पर भी असर पड़ सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था और साथ ही 2023-24 में भारत की अप्रत्याशित रूप से मजबूत वृद्धि के लिए भी लाल सागर के हालात निकट भविष्य में सर्वाधिक अनिश्चितता वाले हालात बने रहने वाले हैं। पोतों के आवागमन का इस तरह बाधित होना आर्थिक सुधार की प्रक्रिया को गहरी क्षति पहुंचाने वाला साबित होगा। यह मुद्रास्फीति के लिए भी बड़ा जोखिम साबित हो सकता है। इस संदर्भ में यह बात ध्यान देने लायक है कि अब जबकि स्वेज नहर के रास्ते का इस्तेमाल मुश्किल हो रहा है तो इसी बीच अमेरिका में इसकी जुड़वां नहर को भी वर्षों या दशकों में सबसे कम नौवहन के लिए विवश किया गया है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पालिका सफाई मजदूर की मौत के बाद कर्मचारियों का प्रदर्शन...

**भिवंडी :** पालिका मुख्यालय के सामने अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, उपायुक्त दिपक झिंजाड, सहायक आयुक्त फैसल तातली सहित स्वच्छता अधिकारी हेमंत गुलवी को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग। भिवंडी पालिका प्रशासन ने डीप क्लीन ड्राइव स्वच्छता अभियान के तहत पालिका के सफाई कर्मचारियों पर अतिरिक्त काम का बोझ डाल दिया गया है। जिसके कारण सफाई कर्मचारी संतोष चिंतामण जाधव की काम के दरमियान हार्ट अटैक आने से शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। जिसके विरोध में पालिका कर्मचारियों ने कृति समिति की तरफ से पालिका मुख्यालय के सामने अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, उपायुक्त दिपक झिंजाड,



सहायक आयुक्त फैसल तातली सहित स्वच्छता अधिकारी हेमंत गुलवी को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। भिवंडी पालिका के सफाई कर्मचारियों को फिलहाल अतिरिक्त सफाई कार्य करना पड़ रहा है। पालिका कर्मचारियों को बैच के नाम पर सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक काम करना पड़ता है। अतिरिक्त काम होने से कर्मचारी तनाव गस्त है। शेलार गांव के रहने वाले पालिका के सफाई कर्मी संतोष चिंतामन जाधव को अधिक काम करने से खून की उल्टियां हुई और चार दिन बाद अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई है। इस घटना के बाद पालिका कर्मचारियों में प्रशासन के सख्त रवैया के खिलाफ आक्रोश फैल गया है। इसके विरोध में मनपा श्रमिक संघ, भारतीय कामगार महासंघ, अखिल महाराष्ट्र जनरल कामगार संघ, रिपब्लिकन श्रमिक ब्रिगेड, महाराष्ट्र कंस्ट्रिब वर्कर्स फेडरेशन, सरकारी वाहन चालक भिवंडी इकाई के सदस्यों ने मनपा मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पालिका के अनेक विभागों में कार्यरत कर्मचारी दोपहर एक बजे ही कार्यालय छोड़ दिये और मुख्यालय के बाहर इकट्ठा होकर पालिका अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की मांग किया।आन्दोलन कारियो का एक प्रतिनिधि मंडल सहायक आयुक्त फैसल तातली से मुलाकात कर मांगे का निवेदन पत्र सौंपा है। वही पर पालिका के सहायक आयुक्त फैसल तातली द्वारा मंगलवार को आयुक्त के साथ बैठक करने के आश्वासन पर कर्मचारियों ने अपना प्रदर्शन को समाप्त किया है।

## बोरीवली से दहिसर तक के 35 ब्रिज होंगे चकाचक, बीएमसी कराएगी काम





**मुंबईः** बीएमसी बोरीवली से दहिसर के बीच 35 ब्रिज की मरम्मत करेगी। इस पर 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें ब्रिज, सबवे, नाले के पुल, स्काइवॉक की मरम्मत शामिल है। जिन ब्रिजों की मरम्मत होनी है, उनमें 15 दहिसर और 20 बोरीवली एरिया में हैं। बीएमसी 2018 में हुए अंधेरी के गोखले ब्रिज दुर्घटना से सबक लेते हुए लगातार ब्रिजों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कर रही है।

बीएमसी ब्रिज डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि वर्कऑर्डर जारी होने के 24 महीने के भीतर इन ब्रिजों की मरम्मत करना ठेकेदार के लिए अनिवार्य होगा। अधिकारी ने बताया कि मुंबई में कई ऐसे ब्रिज हैं, जो 100 साल पुराने हैं और ज्यादातर को बने 30 से 50 साल हो गए हैं। 2018 में गोखले ब्रिज दुर्घटना के बाद करीब 300 ब्रिज का स्ट्रक्चरल ऑडिट की किया गया। स्ट्रक्चरल ऑडिट की रिपोर्ट में कुछ ब्रिजों को तोड़ कर दोबारा बनाने, कुछ में मेजर मरम्मत और कुछ में मामूली मरम्मत और कुछ ब्रिजों को बाद में मरम्मत की जरूरत की सिफारिश की गई थी। अंधेरी दुर्घटना के बाद बीएमसी हर 6 महीने में सभी ब्रिजों का स्ट्रक्चरल ऑडिट करने लगी है। इसी जांच में इन ब्रिजों की मामूली मरम्मत की सिफारिश की गई थी।

## शौचालय के लिए निकला बच्चा, वापस नहीं लौटा

**भिवंडी :** भिवंडी शहर के हनुमान नगर कामतघर परिसर के रहने वाले एक 15 वर्षीय युवक दोपहर 2 बजे के दौरान सार्वजनिक शौचालय जाने के लिए कहकर निकला था लेकिन वापस घर नहीं लौटा। जिसके बाद उसके परिजनों ने भिवंडी शहर पुलिस थाने में अपहरण की शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध नाबालिग के अपहरण की धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक कामतघर गांव के संजय गायकवाड़ की खोली में रहने वाले पानीपुरी विक्रेता रॉबिन राम अचल सिंह ने शिकायत दर्ज कराया है कि पांच




जनवरी दोपहर 2 बजे के दौरान उनका पोता विकी कुमार अजय राय ( 15 ) खोली के बगल स्थित शौचालय जाने के लिए कहकर निकला था। परन्तु काफी समय बीत जाने के बाद वह वापस घर नहीं लौंटा। हालांकि उसके परिजनों ने अपने रिश्तेदारो और जान पहचान वालों लोगों के यहां काफी तलाश किया है किन्तु उसके पश्चात भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है।






# पानी की पाइप लाइन रिपेयरिंग के दौरान गिरी दीवार, 1 की मौत



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के कफ परेड इलाके में पानी की पाइपलाइन की रिपेयरिंग के दौरान कंपाउंड की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। बीएमसी ए वॉर्ड के असिस्टेंट कमिश्नर जयदीप मोरे ने बताया कि कफ परेड में मियां चाल के पास पानी की सप्लाई करने वाली पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य चल रहा था। इसी दौरान कंपाउंड की दीवार अचानक गिर गई। जिसकी चपेट में दो लोग आ गए। दोनों घायलों को तत्काल नौसेना आईएनएस अश्विनी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मोहम्मद अकबर नामक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे व्यक्ति को मामूली चोट आई है।

# भिवंडी में गोदामों की सुरक्षा कागजों पर...

## 'एमएमआरडीए' की घोषणा के बाद भी आग बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं है

**ठाणे:** मुंबई महानगरीय क्षेत्र में ई-कॉमर्स कंपनियों से लेकर रासायनिक कंपनियों तक, ठाणे जिले के भिवंडी तालुका में बड़ी संख्या में गोदाम हैं। इन गोदामों में आग लगने की घटनाएं लगातार हो रही हैं. यहां अग्निशमन व्यवस्था नहीं होने के कारण गोदाम में सामान की क्षति के साथ-साथ जनहानि भी हो रही है. ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने कुछ साल पहले यहां एक अलग अग्निशमन प्रणाली स्थापित करने की घोषणा की थी, लेकिन यह घोषणा केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गई है।



ठाणे जिले के भिवंडी तालुक में बड़ी संख्या में हथकरघा और हथकरघा कारखाने थे। इस शहर को पहले भारत के मैनचेस्टर के नाम से जाना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह पहचान बदल गई है और भिवंडी भारत के गोदाम शहर के रूप में उभरा है। गोदामों के विस्तार के कारण यहाँ एक बड़ा वित्तीय केंद्र बस गया है। मुंबई महानगरीय क्षेत्र में ई-कॉमर्स कंपनियों के अधिकांश गोदाम यहीं संचालित हो रहे हैं। यहां रासायनिक कंपनियों के गोदाम स्थित हैं। इसके अलावा गोदामों में खाद्यान्न, आवश्यक वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान रखे जाते हैं। यहां से इसे दूसरे शहरों में भेजा जाता है. अनुमान है कि लगभग 20 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले इस क्षेत्र में दस हजार से अधिक आधिकारिक और अनौपचारिक गोदाम हैं। ठाणे जिले का व्यावसायिक केंद्र बन चुके भिवंडी इलाके में गोदामों में आग लगने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। यहां आग बुझाने की अलग से कोई व्यवस्था नहीं है. गोदाम एक दूसरे के बगल में बने हुए हैं। इसलिए, यदि किसी गोदाम में आग लगती है, तो आग पड़ोसी गोदामों तक फैल जाएगी।

# कुख्यात गुंडे काशीनाथ दाते को जेल... कोइता को हाथ में लेकर दत्तनगर प्रगति कॉलेज के सामने एरिया में घूम रहा था

**डोंबिवली :** कल्याण अपराध जांच विभाग ने जिले से निर्वासित होने के बावजूद शहर में खुलेआम घूमने वाले कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सागर उर्फ डोला काशीनाथ दाते (उम्र 28) के रूप में हुई है। खासकर जब डोला हाथ में बंदूक लेकर आतंक मचाने की कोशिश कर रहा है तो पुलिस उसे देखकर मुस्कुरा रही है. पुलिस रिकार्ड में कुख्यात बदमाश दत्तनगर चौक के प्रगति कॉलेज इलाके में रहने वाले सागर उर्फ डोला काशीनाथ दाते (उम्र 28 वर्ष) को जिले से गिरफ्तार किया गया है।

लेकिन, कॉन्स्टेबल दत्ताराम भोसले को जानकारी मिली कि यह गुंडा शहर में घुस आया है. भोसले ने यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक



नरेश पवार को दी. सागर उर्फ डोला काशीनाथ दाते शनिवार शाम करीब हाथ में धारदार भाला लेकर दत्तनगर प्रगति कॉलेज के सामने गार्डन एरिया में घूम रहा था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नरेश पवार के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक संतोष उगल मूगले, उपनिरीक्षक संजय माली, दत्ताराम भोसले, विश्वास माने, बालाजी शिंदे, मिथुन राठौड़, गुरुनाथ जारग की टीम ने गुंड डोला डाटा को गिरफ्तार किया. उसके पास से घातक कोयता को कब्जे में ले लिया।

# मुंबई में खरीदारों से पैसे लेकर घर न बनाने वाले बिल्डरों की खैर नहीं, महारेरा ने मांगा जवाब

**मुंबई:** महालक्ष्मी में एक बिल्डर ने 37 मंजिला बिल्डिंग बनाने के लिए ग्राहकों से पैसे लिए। महाराष्ट्र रियल इस्टेट रेग्युलेटरी अथॉरिटी (महारेरा) की वेबसाइट पर 2023 तक काम पूरा होने का वादा किया, लेकिन असल में केवल 2 स्लैब ही बने और 50 प्रतिशत पैसा खर्च कर दिया गया। सूत्र के मुताबिक, इस तरीके से दावे की




तुलना में बहुत कम काम करने वाले बिल्डरों से महारेरा ने जवाब मांगा है। इनमें से छह प्रॉजेक्ट को रडार पर रखा गया है। अगले कुछ सप्ताह में उनके संतोषजनक जवाब न देने की स्थिति में कार्रवाई शुरू की जाएगी। कुछ समय पहले एक बिल्डर का मामला मुंबई पुलिस की इकॉनमी ऑफिंस विंग (ईओडब्ल्यू) को भी जांच के लिए सूचित किया गया। महारेरा ने 330 ऐसे प्रॉजेक्ट्स की तलाश की थी, जिनमें ग्राहकों से पैसे लेने के बाद भी अपेक्षित काम नहीं हो पाया। एक अधिकारी ने बताया कि ये ऐसे प्रॉजेक्ट हैं, जिनमें बिल्डर ने काफी पैसे ले लिए हैं और काम उतना नहीं किया है। इन प्रॉजेक्ट्स की डिलिवरी डेट भी पास है। हम उनसे जानना चाह रहे हैं कि आखिर काम नहीं किया, तो पैसा खर्च कहां किया? यदि उनके जवाब संतोषजनक नहीं मिले, तो आगे की कार्रवाई शुरू करेंगे।

# चिंचोटी-वसोर्वा मार्ग सबसे खतरनाक!

**वसई :** मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पिछले कुछ सालों से मौत का जाल बनता जा रहा है। वाहन चालकों द्वारा गति सीमा समेत कई नियमों का उल्लंघन करने से अन्य यात्रियों को इसका शिकार होना पड़ रहा है.

पिछले छह साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो 550 हादसों में 399 लोगों की मौत हुई। भयावह हकीकत यह सामने आई है कि पिछले साल कुल 175 लोगों की मौत हुई. चिंचोटी और वसोर्वा के बीच राजमार्ग पर सबसे अधिक 158 दुर्घटनाओं में 72 लोग मारे गए और 88 घायल हुए। मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर मुंबई, गुजरात, भिवंडी, नासिक, ठाणे जाने वाले वाहनों का भारी ट्रैफिक है। मालवाहक कंटेनर, ट्रक और अन्य भारी वाहन बड़ी संख्या में चलते हैं। इनमें दोपहिया और चारपहिया वाहन भी हैं। हालांकि, प्रशासन दावा कर रहा है कि वाहन चालक अक्सर नियमों की अनदेखी करते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं।

# मुंबई नगर निगम का संपत्ति कर भ्रम वास्तव में है क्या ? गुप्त कर वृद्धि, फिर वापसी?

**मुंबई :** मुंबईकरों का संपत्ति कर भुगतान इस समय विवादों में है। नगर निगम प्रशासन मुंबईकरों को हर साल दो किस्तों में संपत्ति कर भुगतान भेजता है। लेकिन चालू वित्तीय वर्ष का दोनों संपत्ति कर भुगतान इस वर्ष दिसंबर माह समाप्त होने के बावजूद नहीं भेजा गया है. जैसे-जैसे वर्ष आगे बढ़ा, दिसंबर के अंतिम सप्ताह में भुगतान तैयार किया गया और अंतिम सप्ताह में संपत्ति मालिकों को ऑनलाइन भेज दिया गया। लेकिन संपत्ति मालिकों ने देखा कि पिछले वर्ष की तुलना में भुगतान में 15 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऐसे में खुलासा हुआ कि नगर निगम प्रशासन ने गुपचुप तरीके से प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ा दिया है. वहीं से नगर निगम प्रशासन की आलोचना शुरू हो गयी. मामला सामने आते ही नगर निगम आयुक्त ने अब ये भुगतान वापस ले लिया है और नए भुगतान करने का वादा किया है. नगर पालिका के लिए संपत्ति कर राजस्व का सबसे बड़ा स्त्रोत है। हालाँकि, नए भुगतान में देरी होगी और इससे नगर पालिका की आय प्रभावित होने की संभावना है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि भुगतान की उलझन के कारण नगर पालिका की संपत्ति कर प्रणाली की समग्र जटिलता बढ़ गई है।

**नगर पालिका को संपत्ति कर से कितना राजस्व प्राप्त होता है?**

संपत्ति कर मुंबई नगर निगम




के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। जकात खत्म होने के बाद, नगर पालिका के पास आय के दो महत्वपूर्ण स्त्रोत बचे हैं: संपत्ति कर और विकास योजना यानी पुनर्विकास से आय। जकात से मुआवजा भी एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। वहीं नगर पालिका को संपत्ति कर से हर साल छह हजार करोड़ की आय होती है. नगरपालिका अधिनियम हर पांच साल में संपत्ति कर की दर को संशोधित करने का प्रावधान करता है। पिछले तीन साल से यह सुधार नहीं हो सका. इसलिए संपत्ति कर से आय नहीं बढ़ी है. बजट भाषण में यह बात सामने आई कि मनपा प्रशासन ने मान लिया था कि यदि इस वर्ष यह संशोधन किया गया तो मनपा को सात हजार करोड़ की आय होगी. लेकिन इस साल भी कोई सुधार नहीं हुआ है.

**संपत्ति कर ढांचे में सुधार क्यों नहीं किया जा सका?**

नगरपालिका अधिनियम हर पांच साल में संपत्ति कर की दर को संशोधित करने का प्रावधान करता है। इससे पहले 2015 में प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाया गया था. इसके बाद 2020 में इसके बढ़ने की उम्मीद है. हालांकि, कोरोना महामारी के कारण तत्कालीन राज्य सरकार ने इस बढ़ोतरी को निलंबित कर दिया था. चूंकि संपत्ति कर पुनर्गणना की दर पर निर्भर है, इसलिए प्रशासन ने अप्रैल 2021 में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पुनर्गणना की दर के अनुसार संपत्ति कर लगाने का निर्णय लिया है। इसलिए प्रॉपर्टी टैक्स में 14 फीसदी तक बढ़ोतरी की संभावना थी. ऐसा प्रस्ताव जून 2021 में स्थायी समिति में पेश किया गया था। लेकिन चुनाव से पहले पार्टी के सभी सदस्यों ने उनका विरोध किया। इसके बाद 2022 में नगर निगम चुनाव की संभावना को देखते हुए शिंदे फड़णवीस सरकार ने भी टैक्स बढ़ोतरी की इजाजत नहीं दी. सोचा गया था कि पिछले तीन वर्षों से रुकी हुई यह वृद्धि इस वर्ष होगी। लेकिन अगर वह ऐसा करता है, तो उसे नगरपालिका हॉल की मंजूरी की आवश्यकता होगी। हालांकि, चुनाव नहीं होने के कारण इस साल भी बढ़ोतरी नहीं हो सकी.

# भतीजे रोहित को 'बच्चा' कहने पर सुप्रिया ने अजित पवार पर कसा तंज...

## बोलीं- उनकी टिप्पणियों को गंभीरता से न लिया जाए



**मुंबई** : राकांपा की सांसद सुप्रिया सुले ने अपने भतीजे रोहित को बच्चा कहने पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार पर तंज कसा है। सुप्रिया ने कहा कि अजित अब वरिष्ठ नागरिक हैं। उनकी टिप्पणियों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। दरअसल विधायक रोहित पवार ने राकांपा के अजीत गुट की आलोचना की थी। इसे लेकर जब अजीत से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा, वह अभी भी बच्चा है। वह उतना वरिष्ठ नहीं है कि मैं उसे जवाब दूं। पार्टी कार्यकर्ता या हमारा प्रवक्ता उसकी आलोचना का जवाब देगा।

**अजित की टिप्पणियों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए- सुप्रिया**

अजीत के इस बयान के बाद रोहित की बुआ और अजित की चचेरी बहन सुप्रिया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, अजित दादा (भाई) अब 65 साल के हैं। वह अब वरिष्ठ नागरिक हैं। अजित की टिप्पणियों को किसी को भी इतनी गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। रोहित पवार सुप्रिया सुले और अजित पवार के भतीजे हैं। रोहित राकांपा के शरद पवार गुट से हैं।

# 31 जनवरी तक खुलेगा कोस्टल रोड...

# मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का ऐलान, मुंबईकरों को मिलेगी ट्रैफिक जाम से मुक्ति...

**मुंबई:** नए साल में मुंबईकरों को ट्रैफिक जाम से काफी हद तक मुक्ति मिल सकती है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को मौके पर जाकर कोस्टल रोड के काम का जायजा लिया और ऐलान किया कि एक लेन 31 जनवरी, 2024 तक आवागमन के लिए खोल दी जाएगी। कोस्टल रोड मरीन ड्राइव-वर्ली से बांद्रा-वसोर्वा,



वसोर्वा से दहिसर और मीरा-भाईंदर होते हुए विरार तक होगा। कोस्टल रोड का अब तक 83 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कोस्टल रोड खुलने से वाहन चालकों का 70 प्रतिशत समय और 34 प्रतिशत ईंधन बचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोस्टल रोड की 2 किमी से लंबी दो समांतर टनल में से एक का काम पूरा हो चुका है, दूसरी टनल का काम मई, 2024 तक पूरा हो जाएगा। उसके बाद कोस्टल रोड को पूरी क्षमता से खोल दिया जाएगा। दोनों टनल में आधुनिक सकार्डो तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। टनल में आग लगने की स्थिति में धुआं बाहर निकल जाएगा।

### हर रोज 12 घंटे के लिए ही खुलेगा...

कोस्टल रोड की, जो लेन खुलेगी, उस पर 24 घंटे वाहन चलाने की अनुमति नहीं होगी। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक वर्ली से मरीन ड्राइव की तरफ लोग आ सकेंगे। कोस्टल रोड का काम वाहन चालक देख न सकें, इसलिए साइड में ग्रीन कर्टेल लगाया जाएगा। अधिकारियों ने कोस्टल रोड के इस पार्ट को सिर्फ 4 घंटे के लिए खोलने का सुझाव दिया था, जिसे कमिश्नर चहल ने नकार दिया। जिसके बाद 12 घंटे के लिए खोलने पर निर्णय हुआ।

### CMO और BMC के प्रेस नोट में अंतर

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि 31 जनवरी को कोस्टल रोड का एक हिस्सा खोल दिया जाएगा, जबकि बीएमसी के प्रेस नोट में कहा गया है कि सीएम ने 31 जनवरी तक हर हाल में काम पूरा करने का निर्देश दिया है। वहीं कोस्टल रोड से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि काम 31 जनवरी तक पूरा करने की कोशिश है, लेकिन उद्घाटन फरवरी में होने की उम्मीद है।

# विदेशी ने बनवाया भारतीय पासपोर्ट, फर्जी प्रमाणपत्र हांसिल कर धोखाधड़ी...

**मुंबई** : विदेशी नागरिक द्वारा भारतीय पासपोर्ट बनाये जाने के मामले में आजाद मैदान पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। पणजी में नकली पासपोर्ट की जानकारी सामने आने पर पासपोर्ट जब्त हो गया। इसके बाद असली पासपोर्ट रिन्युअल करने के चक्कर में आरोपी फंस गया। पुलिस ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में फ्रांसिस एम्नेलो दासिल्वा नामक आरोपी पर आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र हांसिल कर पासपोर्ट प्राप्त किया था। उसके पास दो भारतीय पासपोर्ट मिले जिसमें अलग अलग जन्म प्रमाण पत्र लगाया गया था। आरोपी ने पासपोर्ट रिन्यूल के लिए पणजी में एप्लिकेशन किया था। लेकिन पासपोर्ट विभाग को पता चल गया कि आरोपी के पास दूसरा भी पासपोर्ट है जिसे फर्जी दस्तावेज के आधार पर हांसिल किया गया है। इस वजह से विभाग ने पासपोर्ट जब्त कर लिया। चुकी उसका पासपोर्ट जब्त हो गया था इस वजह से उसे उसका पासपोर्ट




रिन्यू करवाने के लिए अप्लीकेशन करना पड़ा जिसमें फर्जी पासपोर्ट का खुलासा हुआ और अधिकारी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया गया।

**तंजानिया का नागरिक है आरोपी**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी तंजानिया का नागरिक है उसका जन्म तंजानिया के दार इस सलाम नामक जगह पर 1959 में हुआ था। इसके बाद 1969 में पासपोर्ट लेकर अधिकारिक तौर पर भारत में आया। इसके बाद वह यहीं रहने लगा और समय समय पर उसे रिन्यू करवाने लगा था। लेकिन बाद में उसने उसने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनवाकर भारतीय पासपोर्ट बनवाया अजर एक बार उस पासपोर्ट पकर विदेश भी जाकर आया है। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# सिमकार्ड हैक कर निकाल लिए 90 लाख, ग्वालियर से गिरफ्तार हुआ ठग !

**मुंबई** : दक्षिण साइबर सेल पुलिस ने रविवार को साइबर धोखाधड़ी मामले में शामिल होने के आरोप में मध्य प्रदेश से एक 20 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी और उसके साथियों ने शिकायतकर्ता का सिम हैक कर उसके खाते से 90 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए थे। साइबर पुलिस ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर के रहनेवाले मुकुल आश्रम सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता पेडर रोड के रहनेवाले महेश झावर (62) को अपनी




धोखाधड़ी का शिकार बनाया था। झावर स्टॉक मार्केट और कंस्ट्रक्शन का व्यवसाय करते हैं, उन्होंने दक्षिण मुंबई साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनका मोबाइल नंबर उनके बैंक खाते से लिंक है, जिस पर अचानक उन्हें मैसेज आया कि उनके बैंक खाते से 90 लाख रुपये निकाले गए हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके बैंक खाते से 5 बार में 90 लाख रुपये दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए। पुलिस सूत्र के अनुसार, झावर अपने कार्यालय में थे जब उन्हें संदेश मिला कि उनके बैंक खाते से पैसे काट लिए गए हैं। झावर ने तुरंत अपना अकाउंट हैंडल करनेवाले कर्मचारी को फोन किया और उससे इस बारे में जानकारी मांगी। फिर कर्मचारी ने बैंक मैनेजर को फोन किया तब पता चला कि झावर के बैंक खाते से 90 लाख रुपये निकाल लिए गए हैं।

शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की और पाया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता का सिम कार्ड हैक कर लिया था और बैंकिंग उद्देश्यों के लिए जारी किए गए ओटीपी का इस्तेमाल पैसे ट्रांसफर करने के लिए किया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस मामले में मनी ट्रेल की जांच करते समय पुलिस को सिंह की जानकारी मिली और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अपराध में शामिल उसके सहयोगियों की तलाश की जा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि शिकायतकर्ता का मोबाइल सिम कितने समय के लिए निलंबित था और वह इसका उपयोग नहीं कर सका और यह कैसे किया गया।

# रेलवे ने आठ घंटे में 1200 टिकटों के खिलाफ की कार्रवाई

**मुंबई** : दिन-ब-दिन मुफ्त यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मध्य रेलवे के वाणिज्य विभाग ने अब एक विशेष अभियान चलाया है। इसके मुताबिक आठ घंटे में ठाणे स्टेशन पर 1 हजार 208 मुफ्त यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और उनसे 3 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है. जैसे-जैसे मुंबई की लोकल में मुफ्त यात्रियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, यह रेलवे विभाग के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनता जा रहा



है। लेकिन अब सेंट्रल रेलवे लोकल फ्री यात्रियों को रोकने के लिए टिकट चेकिंग अभियान चला रहा है. लेकिन फिर भी मुफ्त यात्रियों की संख्या में कमी नहीं आई है. रेलवे ने महत्वपूर्ण और भीड़भाड़ वाले स्टेशनों को ब्लॉक करने के लिए निरीक्षण अभियान शुरू किया है क्योंकि उपनगरीय इलाकों में भारी भीड़ के कारण कई लोग बिना टिकट यात्रा करने में सफल हो रहे हैं। शुक्रवार 5 जनवरी को ठाणे स्टेशन पर चलाए गए अभियान में दोपहर 1 बजे से रात 9 बजे तक आठ घंटे के दौरान 1 हजार 208 बिना टिकट यात्री पकड़े गए, उनसे 3 लाख 40 हजार का जुर्माना वसूला गया. इस ऑपरेशन में 57 टीसी और 13 आरपीएफ जवान काम कर रहे थे. ठाणे मध्य रेलवे लाइन पर एक महत्वपूर्ण और व्यस्त स्टेशन है। ठाणे स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 8 से 9 लाख यात्री यात्रा करते हैं। ठाणे से पनवेल लोकल ठाणे स्टेशन से सीएसएमटी, कल्याण, कसारा, कर्जत और ट्रांस हार्बर लाइनों पर चलती है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani